दैनिक जागरण – 04.04.2020

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों में बांटे मास्क

- कोरोना से बचने के लिए दिया फेस मास्क व सैनिटाइजर
- जरूरतमंदों को कराया भोजन व दी गई जरूरी खाद्य वस्तुएं



सामग्री वितरण करते सीआरपीएफ सातवीं बटालियन के पदाधिकारी • जागरण

जासं, गिरिडीह : कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर हर तबका एक-दूसरे की हरसंभव मदद करने में जुटा है ताकि लोग एहतियात बरतते हुए सुरक्षित रहें और इस वायरस के संक्रमण से बच सकें।

शुक्रवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सातवीं बटालियन कमांडेंट अनिल कुमार भारद्वाज के निर्देश पर अति उग्रवाद प्रभावित थाना भेलवाघाटी क्षेत्र के हरकुंड, तुरियोटोला व तिसरो के अलग-अलग गांवों में निवास करनेवाले ग्रामीणों को कोरोना से बचाव करने के लिए फेस मास्क, सैनिटाइजर, साबुन, ग्लब्स समेत अन्य सामाग्री एहतियात बरतने को उपयोग करने के लिए दिया गया।

साथ ही जरूरतमंद ग्रामीणों को कच्ची खाद्य सामाग्री भी प्रदान की ताकि इस लॉकडाउन की स्थिति में कोई अनाज के बिना भूखा न रह सके। राशन व अन्य सामानों के वितरण के क्रम में सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों ने कई गांवों के ग्रामीणों को भोजन भी कराया। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट अजय कुमार ने ग्रामीणों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का तरीका भी बताया। साथ ही कहा कि आपस में दूरी बनाकर रहें तथा मास्क का उपयोग करते हुए समय-समय पर सैनिटाइजर से हाथ को साफ करें।

कोरोना वायरस से बचाव को लेकर डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ, समाजसेवी, सेना, अर्धसैनिक बल व पुलिस पदाधिकारी हर संभव प्रयास करने में जुटे हैं। ऐसे में लॉकडाउन का पालन करते हुए कोरोना को हराने में सबों को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बेवजह घरों से बाहर न निकलें और दूसरों को भी घरों से बाहर नहीं निकलने के लिए प्रेरित करें। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के तहत आपस में दूरी बनाकर रहें और भीड़भाड़ का हिस्सा न बनें। मौके पर सीआरपीएफ के निरीक्षक एसबी पांडेय के अलावा अन्य अधिकारी व जवान मौजूद थे।

दैनिक भास्कर–02.04.2020

# सीआरपीएफ जवानों ने बेल्डीह बस्ती में बांटा राशन, मास्क और सेनेटाइज़र



राशन का वितरण करते जवान

**आदित्यपुर** | सीआरपीएफ की 157 बटालियन के द्वारा बुधवार को लॉक डाउन से जूझ रहे बेल्डीह बस्तीवासियों के बीच राशन, मास्क एवं सेनेटाइजर का वितरण किया गया। राशन के बनाए गए पैकेट में 5 किलोग्राम चावल, 2 किलोग्राम आलू, 2 किलोग्राम दाल, नमक हल्दी एवं मसाले के पैकेट के साथ साबुन, सेनेटाइज़र एवं मास्क दिए गए। मौके पर बटालियन के द्वितीय कमांडेंट विक्रम सिंह ने बस्तीवासियों से अपील किया कि वे लोग लॉकडाउन का पालन करें और अपने घरों ने रहकर इस खतरनाक वायरस के चेन को तोड़ने की अपील की।

दैनिक भास्कर – 01.04.2020

## लॉकडाउन में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आया सीआरपीएफ बटालियन

# सीआरपीएफ ने डेमोटांड़ बिरहोर कॉलोनी में 100 से अधिक परिवार के बीच वितरित किया खाद्य सामग्री

भास्कर न्यूज़ | हजारीबाग

कोविड-19 वायरस के संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सरकार की ओर से घोषित लॉक डाउन के कारण गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सीआरपीएफ 22 बटालियन हजारीबाग आगे आया और डेमोटांड़ बिरहोर कालोनी पहुंच कर उनके बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव के उपाय को भी बताया और उन्हें जागरूक भी किया । सीआरपीएफ 22 बटालियन के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर मंगलवार को डेमोटांड़ हजारीबाग के बिरहोर कॉलोनी में 100 से अधिक बिरहोर लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। खाद्य सामग्री




खाद्य सामग्री का वितरण करते सीआरपीएफ 22 बटालियन के अधिकारी व जवान ।

का वितरण असिस्टेंट कमांडेंट दुर्गेश कुमार द्वारा किया गया। सभी बिरहोर परिवारों के बीच नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत चावल दाल नमक सब्जी चूड़ा चना गुड़ साबुन आदि का वितरण किया गया। इस क्रम में सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ दुर्गेश कुमार ने कहा कि कोविड-19 कोरोना वायरस दुनिया के लिये महामारी बन चुका है ।यह हमारे देश मे भी धीरे धीरे अपना पांव पसार रहा है। हम सभी लोग लॉक डाउन नियम का अनुपालन करें। मौके पर सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर अभिराम सहित जवान व कर्मी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर – 03.04.2020

# सीआरपीएफ एसपी ने लोगों के बीच खाद्य सामग्री का किया वितरण

भास्कर न्यूज़ | देवरी

एसपी सुरेंद्र झा एवं सीआरपीएफ बी-7 कमांडेंट अनिल कुमार भारद्वाज के निर्देश पर गुरुवार को भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के भेलवाघाटी पंचायत के हरकुण्ड व सलैयाटांड़ के दलित टोला में भेलवाघाटी सीआरपीएफ कैंप के सहायक कमांडेंट अजय कुमार ने असहाय लोगों के बीच खाद्य सामग्री सहित कई आवश्यक सामान उपलब्ध कराये। खाद्य सामग्री में चावल, दाल, नमक, आलू व फेस मास्क, हेंड ग्लब्स, साबुन, सेनिटाइजर सहित कई आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराये गये।



जरूरतमंदों के बीच राशन देते सीआरपीएफ एसपी।

इस बाबत एसी अजय कुमार ने बताया कि लॉक डाउन को देखते हुए सीआरपीएफ की ओर से गरीब असहाय लोगों के बीच खाद्य सामग्री के साथ-साथ कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए फेस मास्क, हेंड ग्लब्स, साबुन, सेनिटाइजर लोगों को उपलब्ध करवाया गया। साथ ही कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर संयमित रहते कई आवश्यक निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में भेलवाघाटी थाना प्रभारी एमजे खान, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय सहित सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे।

दैनिक जागरण – 10.04.2020

# उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बांटा अनाज



खाद्य सामग्री वितरण करते सीआरपीएफ सातवीं बटालियन के कमांडेंट एके भारद्वाज • जागरण

जासं,गिरिडीह : केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की सातवीं बटालियन भी गरीबों की मदद को तत्पर है। गिरिडीह के समाजसेवी राहुल जालान व सौरव गुप्ता के संयुक्त प्रयास से सीआरपीएफ को जरूरतमंदों को देने के लिए खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराई गई। इन खाद्य सामग्रियों को सीआरपीएफ के कमांडेंट अनिल कुमार भारद्वाज ने अति उग्रवाद प्रभावित भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के पूरब टोला, पश्चिम टोला व डुमरीडोला गांव के अलावा अन्य क्षेत्रों के एक सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच वितरित किया। मौके पर सहायक कमांडेंट अजय कुमार, सीआरपीएफ के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संदीप कुमार, सूबेदार मेजर सी लाल गुर्जर, इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार राय, भेलवाघाटी थाना प्रभारी मो. जलालुद्दीन खान, मुखिया विकास बरनवाल समेत अन्य अधिकारी, जवान, समाजसेवी व ग्रामीण मौजूद थे।

हिन्दुस्तान – 14.04.2020

# कोरोना से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

लातेहार | प्रतिनिधि

गारू के विभिन्न गांवों में सीआरपीएफ 214 चार्ली कंपनी द्वारा कोरोना वायरस संक्रमण (कोविड 19) के प्रसार को रोकने तथा अफवाहों से बचने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

सहायक समादेष्टा पी प्रभाकर के नेतृत्व मे जवानों ने प्रखंड के लुहुरटाड़, सुकरी दोहर, अरमू व गोइंदी आदि गांवों में कोरोना वायरस संक्रमण से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिग एवं लॉक डाउन का पालन करने की अपील की गयी।

## अभियान

- गारू के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया
- लोगों से लॉकडाउन का पालन करने की अपील

ग्रामीणों को किसी प्रकार का अफवाह फैलाने वालों से दूर रहने की भी बात कही गयी।

मौके पर सीआरपीएफ के जवान ने कोरोना वायरस का मुखौटा पहन कर कोरोना महामारी से बचने के लिए जागरूक किया गया।

हिन्दुस्तान – 15.04.2020

# सीआरपीएफ ने लोगों को किया जागरूक

## अभियान

लातेहार | संवाददाता

सीआरपीएफ 214 बटालियन ने ओरिया गांव में कोरोना से बचाव के लिए लोगों को गीत गाकर जागरूक किया।

इस दौरान सहायक कमांडेंट अभिनव आनंद ने भोजपुरी में गीत गाते हुए गांव में घूम घूम कर जागरूक किया। ग्रामीण उत्सुकता के साथ गीत को सुन रहे थे और तालिया भी बजा रहे थे। सहायक कमांडेंट ने लोगों से आग्रह किया कि घर में रहकर ही कोरोना से जंग जीती जा सकती है। कुछ समय के लिए लॉक डाउन का पालन करें और इसे दूर भगाएं। लॉकडाउन के दौरान आप की हिफाजत और खाने-पीने की समुचित व्यवस्था किया जाएगा। इसलिए घबराए नहीं।

सीआरपीएफ सदैव आपके लिए तैयार है। इस दौरान डेढ़ सौ ग्रामीणों के बीच सुखा राशन का वितरण सीआरपीएफ के द्वारा किया गया। इस इलाके में आदिम जनजाति के लोग निवास करते हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ के जवानों ने भी चढ़कर हिस्सा लिया।



गाना गाकर लोगों को जागरूक करते सीआरपीएफ के अधिकारी। • हिन्दुस्तान

दैनिक भास्कर – 17.04.2020

# सीआरपीएफ के अधिकारियों -जवानों ने किया रक्तदान

भास्कर न्यूज़|लोहरदगा

लोहरदगा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में लॉकडाउन के कारण रक्त की कमी होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा लोहरदगा स्थित 158वीं वाहिनी सीआरपीएफ से रक्तदान करने के लिए अनुरोध किया गया था। इस पर तत्परता से कार्य करते हुए गुरुवार को सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के द्वारा स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया गया। ताकि लोहरदगा के निवासियों को कोरोना वायरस के कारण उत्पन्न विषम परिस्थिति में रक्तदान कर ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके। इसके अतिरिक्त 158 बटालियन केरिपुबल के द्वारा नोबल कोरोना वायरस कोविड-19 से संबंधित जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान सीआरपीएफ के चिकित्सा अधिकारी द्वारा रघुटोली गांव में लोगो को नोबेल कोरोना वायरस कोविड-19 जैसे खतरनाक वायरस के लक्षण एवं बचाव के बारे में जागरूक किया। इस दौरान किसी व्यक्ति को बुखार, खांसी, नाक बहना, सिरदर्द, गला खराब होने एवं सांस लेने में तकलीफ होने जैसे लक्षण दिखाई देने पर उसे तुरंत अस्पताल में जांच कराने हेतु सलाह दी गई।



रक्तदान करते सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान।

सामाजिक दूरी का नियमित रूप से पालन करने के लिए बताया गया। लोगो के बीच में कम से कम एक मीटर की दूरी अवश्य बनाए रखने की सलाह दी गई। अपने मुंह को मास्क से ढक कर रखने, अपने हाथ से आंख, नाक, कान एवं मुंह को छूने से बचने और अपने हाथ को प्रत्येक कुछ अन्तराल पर साबुन से 20 सेकेण्ड तक अवश्य रूप से धोने तथा अपने शौचालय, घर एवं घर के आस-पास के इलाके को साफ सुथरा रखने की बात कही गई।

प्रभात खबर – 21.04.2020

# सीआरपीएफ के कैंप में सैकड़ों मरीजों का हुआ इलाज

- सारंडा में सीआरपीएफ ने लगाया हेल्थ कैंप
- आठ गांवों को लोग पहुंचे इलाज कराने
- आज थोलकोबाद में लगेगा कैंप

**प्रतिनिधि** ▷ किरीबुरु

सारंडा के सुदुरवर्ती गांव जम्बईबुरू में सीआरपीएफ-197 बटालियन के कमांडेंट परमा शिवन के नेतृत्व में चिकित्सक डॉ जगत आनंद व उनकी टीम ने शिविर लगाकर ग्रामीणों का इलाज किया. शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों से ग्रसित आसपास के आठ गांवों के सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क इलाज कर दवाएं वितरित की. शिविर में महिलाओं व बच्चों का भी इलाज किया गया. कुपोषण, सर्दी- खांसी, बुखार, चर्मरोग से लोग ग्रसित थे. लॉकडाउन व यातायात की कोई सुविधा नहीं होने से दूर-दराज के अस्पतालों में इलाज कराने नहीं जा पा रहे थे. परमा शिवन ने कहा कि मंगलवार को चिकित्सक थलकोबाद में चिकित्सा शिविर लगाकर आसपास गांव के मरीजों का मुफ्त में इलाज करेंगे. शिविर में कई मरीजों को बेहतर चिकित्सा की जरूरत है, लेकिन संसाधन के अभाव में वह अस्पताल तक नहीं जा पा रहे हैं. वैसे मरीजों का भी इलाज कर जरूरी दवाइयां दी गयी. इधर कमांडेंट ने कोरोना से बचाव के लिए मास्क व तमाम जरूरी सुझाव को अपनाने की बात कही.



मरीजों का इलाज करते चिकित्सक.

**कमांडेंट ने वृद्ध को बाइक से घर पहुंचाया** : सारंडा में घूमने के दौरान सीआरपीएफ के कमांडेंट परमा शिवन ने जब एक वृद्ध को पैदल जाते देखा तो वह बिना संकोच अपनी बाइक पर बैठाकर गांव पहुंचाया. इसके बाद वृद्ध ने कमांडेंट से कहा कि हमारे पास खाने व साबुन खरीदने को पैसे नहीं है. इतना कहते हीं कमांडेंट ने उस वृद्ध को 200 रुपये निकालकर दिये.



## सारंडा :16 गांवों के 400 जरूरतमंदों में बांटी खाद्य सामग्री



थोलकोबाद कैंप में ग्रामीणों को संबोधित करते कमांडेंट परमा शिवन.

**किरीबुरु.** सीआरपीएफ-197 बटालियन के कमांडेंट परमा शिवन के नेतृत्व में जवानों ने सारंडा के 16 गांवों में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री पहुंचाया. नक्सल प्रभावित जंबुईबुरु व थोलकोबाद में लगभग 400 जरूरतमंदों को चावल, दाल, तेल, नमक, आलू, सोयाबीन, बिस्कुट व प्रत्येक परिवार को पांच-पांच मास्क दिये. इस दौरान सीआरपीएफ के चिकित्सक जगत आनंद ने शिविर लगा सैकड़ों ग्रामीणों का इलाज किया. इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया.

कमांडेंट परमा शिवन ने कहा कि सीआरपीएफ शांति के साथ सारंडा की प्रहरी है. यहां एक किलो चावल लेने के लिये ग्रामीण को 30-40 किलोमीटर दूर पैदल जाना पड़ता है. इसे लेकर जरूरतमंदों तक राहत सामग्री पहुंचायी जा रही है. इस दौरान थोलकोबाद कैंप के कमांडर नरसी दास, जम्बईबुरु कैंप के कमांडर मंजूर आलम, निरीक्षक अफताब अहमद, उप निरीक्षक सोबन सिंह, बिरेन्द्र पाल, करतार सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे.

दैनिक भास्कर – 23.04.2020

# कई गांवों को सीआरपीएफ ने किया सैनिटाइज, लोगों के बीच बांटे मास्क

## ग्रामीणों को अधिकारियों ने कोरोना से बचाव व सोशल डिस्टेंस का पढ़ाया पाठ

**सिटी रिपोर्टर** | शेरघाटी

नक्सल क्षेत्र के रूप में चर्चित आमस प्रखंड के मसुरीबार और भूपनगर गांव को ए/153 बटालियन सीआरपीएफ ने नागरिक सहायता कार्यक्रम कोविड-19 के तहत सेनेटाइज किया गया। अधिकारी नि/जीडी अशोक कुमार तिवारी ने इसका नेतृत्व किया। साथ ही सभी ग्रामीणों के बीच सेनिटाइजर, मास्क और हैंड ग्लव्स का वितरण किया गया। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने ग्रामीणों को कोरोना महामारी से बचाव को लेकर सोशल डिस्टेंस पालन करने का नियम सहित कई तरह की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विपदा के समय में सीआरपीएफ के लोग आमलोगों के साथ हैं। अधिकारियों ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ग्रामीणों के बीच सेनिटाइजर, ग्लब्स, मास्क और राशन वितरण का कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर मुखिया अरविंद कुमार मिश्रा, सीआरपीएफ के पवन कुमार झा, संजय कुमार, सतीश कुमार यादव, उमेश पासवान आदि ने भी भरपूर सहयोग किया।



गांव को सैनिटाइज करवाते सीआरपीएफ के जवान ।

### सीआरपीएफ ने मास्क व ग्लव्स का किया वितरण

**बांकेबाजार**| स्थानीय प्रखंड के सोनदाहा स्थित सीआरपीएफ 153 बटालियन के द्वारा नक्सल प्रभावित गांव मे मास्क, हैण्ड ग्लब्स का वितरण किया व सैनेटाइजर का छिड़काव किया। इस संबंध में सोनदाहा सीआरपीएफ कैंप के सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार ने बताया कि अति नक्सल प्रभावित पोषक क्षेत्र वाले गांव में जाकर मास्क, हैण्ड ग्लबस का वितरण किया गया व सेनेटाइजर का छिड़काव किया गया। अन्य गांवों सोनदाहा, पिपराटांड, बाराटांड, चपरवार, सरवदना, छवनीया, मोरैनिया, मोहराव व डुमरी गांव में भी छिड़काव व मास्क का वितरण होगा।

दैनिक भास्कर – 25.04.2020

# सीआरपीएफ ने दो सौ जरूरतमंदों को घर-घर जाकर दी जरूरी खाद्य सामग्री



**भास्कर न्यूज। चैनपुर/डुमरी**

सीआरपीएफ बटालियन 218 के कमांडेंट एच. रंजीत सिंह के निर्देश पर चैनपुर के सिलफरी ग्राम मे सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट बबलू राम द्वारा लगभग एक सौ गरीब, असहाय व जरूरतमंद परिवारों के बीच चावल, दाल,नमक, तेल,साबुन, मास्क, सेनेटाईजर जैसे जरूरत के सामग्रियों का वितरण किया गया। कम्पनी के एच रंजीत सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रभाव से बचाने के लिए लॉकडाउन लागू किया गया है इस मौके पर मुख्य रुप से महेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार झा, अनमोल कोरे चैनपुर थाने के अधिकारी समेत स्थानीय मुखिया उपस्थित थे।

उधर सीआरपीएफ बटालियन 218 के कमांडेंट एच. रंजीत सिंह के निर्देश पर डुमरी टांगरडीह सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट राधेश्याम के नेतृत्व में लगभग एक सौ गरीब, असहाय व जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया।

प्रभात खबर – 26.04.2020

# सुदूर क्षेत्रों में जरूरतमंदों तक राशन पहुंचा रही है सीआरपीएफ



राशन का पैकेट भिजवाते अधिकारी.



बनाये गये पैकेट में राशन.

## ➲ 800 फूड पैकेट का वितरण शनिवार से किया शुरू

प्रतिनिधि ▷ गढ़वा

कोरोना वायरस को लेकर देश भर में जारी लॉकडाउन के बीच सीआरपीएफ 172 बटालियन शनिवार से जिले के सुदूर क्षेत्रों में गरीब व मजदूरों तक राशन पहुंचाने का कार्य शनिवार से शुरू किया. सीआरपीएफ 172 बटालियन के कमांडेंट आशीष कुमार झा ने बताया कि कोरोना महामारी में सीआरपीएफ सुरक्षा के साथ साथ जरूरतमंदो तक मदद पहुंचाने का कार्य भी शनिवार से शुरू किया गया है.

उन्होंने बताया कि इसके लिये 800 पैकेट तैयार किये गये, जिसमें चावल, दाल, सत्तू, मुरही, गुड़, प्याज, नमक, आलू, मिर्च सहित 11 तरह के खाद्य पदार्थ शामिल हैं. इसके अलावा मास्क, हैंड सेनेटाइजर और साबुन भी दिया जाना है. कमांडेंट ने बताया कि बटालियन ने शनिवार से इसके वितरण की औपचारिक शुरुआत कर दी है और जरूरतमंदों तक फूड पैकेट पहुंचाया जा रहा है. साथ ही उन्होंने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पिछड़े इलाकों की जानकारी स्थानीय प्रशासन से भी मांगी गयी है, ताकि संबंधित क्षेत्रों के सभी जरूरतमंद लोगों तक राहत सामग्री पहुंचायी जा सके. उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी करता रहा है और इस वैश्विक महामारी में भी गरीब मजदूर व जरूरतमंद के बीच पहुंच कर अपने सेवा कार्य को पहुंचाने का कार्य कर रहा है. इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी सरोज कुमार, जय प्रकाश सिंह, डिप्टी कमांडेंट संतोष सहगल, तुलिका सिन्हा, डॉ तुलिका गर्ग, सूबेदार मेजर दीपक कुमार, एमएल रावत सहित कई अधिकारी व जवान उपस्थित थे.

दैनिक भास्कर – 27.04.2020

**कोरोना से जंग** • सहायक कमांडेंट ने कहा-वैश्विक महामारी से लड़ाई में ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता

# सीआरपीएफ जवानों ने तीन गांवों में बांटे जरूरी सामान

भास्कर न्यूज़|चैनपुर

सीआरपीएफ बटालियन 218 के कमांडेंट एच रंजीत सिंह के निर्देश पर चैनपुर प्रखंड के बेंदरा, कुलाहीटोली, चैनपुर गांव में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट बबलू राम के द्वारा लगभग सैकड़ों गरीब, असहाय व जरूरतमंद परिवारों के बीच चावल, दाल, नमक, तेल, साबुन, मास्क, सेनेटाइजर जैसी जरूरत की सामग्रियों का वितरण किया गया। इस बीच ग्रामीणों के द्वारा सोशल




मंचासीन सीआरपीएफ के अधिकारी

डिस्टेंस का पूरा ख्याल रखा गया। वहीं मौके पर उपस्थित चैनपुर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट बबलू कुमार ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से हमारे देश की सुरक्षा को मद्देनजर क्षेत्र मे लॉकडाउन लागू किया गया है, जिससे सभी ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता है।

इसके साथ ही ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। वहीं लॉकडाउन के इस अवधि मे हमारे जनता कोरोना से लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। फिर भी हमारे ग्रामीण क्षेत्र के कुछ जनता एक सैनिक की तरह इस महामारी के लड़ाई में सहयोग दे रहे हैं। लेकिन उन्हें भी इस लड़ाई में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे देखते हुए सीआरपीएफ द्वारा लॉकडाउन में पिछडे वर्ग के खराब आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंदों के बीच उपरोक्त आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से महेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार झा, अनमोल कोरे, चैनपुर थाना प्रभारी सुदामा राम सहित स्थानीय मुखिया मनोहर बडाईक उपस्थित थे।

दैनिक जागरण – 27.04.2020

# असहायों का पेट भर रही सीआरपीएफ



सुदूर रायबेड़ा गांव में ग्रामीणों के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण करते सीआरपीएफ 174 बटालियन के पदाधिकारी व जवान ● जागरण

जासं, चाईबासा : सीआरपीएफ 174 बटालियन की ओर से रविवार को असहाय लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। सुदूर क्षेत्र के रायबेड़ा में 60 परिवार, समता में 120 परिवार, कालिपोस में 70 परिवार, मथुरापुर में 120 परिवार, खरबंदिया में 135 परिवार, आनंदपुर में 80 परिवार व मनोहरपुर में 250 परिवारों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर सहायक कमांडेंट उपेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार व निरीक्षक बलविंद सिंह तथा जवान उपस्थित थे।

# हिंदपीढ़ी में सीआरपीएफ तैनात

## बड़ा फैसला

रांची | हिन्दुस्तान ब्यूरो

राज्य में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए झारखंड सरकार ने बड़ा फैसला किया है। हिंदपीढ़ी से राज्य में संक्रमण फैलता देख इस इलाके में सीआरपीएफ तैनात कर दी गई है। इसके साथ ही रांची की सभी सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। यह जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदपीढ़ी में सीआरपीएफ तैनात करने का फैसला लिया गया है, ताकि लॉकडाउन के नियमों का सख्ती से पालन सुनिचित कराया जा सके। सीएम ने कहा कि इसके साथ ही रांची की सभी सीमाओं को सील कर केवल जरूरी मामलों में आवाजाही की अनुमति के अलावा आवागमन को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात करके इसकी पूरी जिम्मेदारी मुख्य सचिव और डीजीपी को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के जिन क्षेत्रों में संक्रमण नहीं पाया गया है, वहां इसे फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही संदिग्ध संभावित संक्रमण वाले क्षेत्रों पर नजदीकी निगरानी रखी जाएगी।

इधर, डीजीपी एमवी राव ने कहा कि पूरे राज्य में लॉकडाउन की सख्ती बढ़ाने के लिए सुरक्षा कड़ी की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। डीजीपी ने कहा कि कोरोना जांच के लिए लोगों को खुद आगे आना चाहिए। खासकर ऐसे लोगों को जिन्हें इस बात की आशंका है कि वह किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं या उन्हें खुद में कोरोना के लक्षण दिख रहे हैं।

# सीआरपीएफ ने गरीबों के बीच सामग्री बांटी



नारोटांड़ में सोमवार को गरीबों को सूखा राशन देते कमांडेंट।

तिसरी | प्रतिनिधि

तिसरी प्रखंड के नारोटांड़ में सोमवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत नारोटांड़ पिकेट के सी 7 बटालियन के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सैकड़ों असहाय और जरूरतमंदों के बीच में खाद्य सामग्रियों के पॉकेट का वितरण किया गया।

इस दौरान सीआरपीएफ 7 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार भारद्वाज, सी 7 बटालियन नारोटांड़ के कमांडर निरीक्षक कुलदीप सिंह शेखावत के हाथों उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र नारोटांड़ सहित चरकी, बलबली, डुमरझारा आदि गांवों के सैकड़ों जरूरतमंद गरीबों के बीच में चावल, आटा, दाल, चना, आलू आदि खाद्य सामग्री और सेनेटाइजर, मास्क व साबुन का वितरण किया गया। इस दौरान सोशल डस्टिंस का पूरा ख्याल रखा गया था।

अनिल कुमार भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ना सिर्फ लोगों की सुरक्षा करती है बल्कि हर मौके पर लोगों की पूरी तत्परता से सहयोग करने के लिए भी आगे रहती है। कमांडर निरीक्षक कुलदीप सिंह शेखावत ने कहा कि कोरोना बहुत बड़ी महामारी है। लोगों को इससे बचकर रहने की जरूरत है। बहुत जरूरी काम पड़ने पर ही लोगों को घर निकलना चाहिए। थानसिंह डीह ओपी के प्रभारी मनोज कुमार चौधरी, मुखिया बालेश्वर राय सहित सी 7 बटालियन के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

दैनिक भास्कर – 28.04.2020

# 203 कोबरा वाहिनी ने 79 लोगों को दिया राशन




बरही | 203 कोबरा वाहिनी ने सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बरही प्रखंड के कोनरा तुरीटोला तुरी टोला एवं रविदास टोला पंचमाधव में द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार 203 कोबरा वाहिनी के निर्देशानुसार राशन सामग्री और सैनिटाइजर का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपकमांडेंट बिरेंद्र खंतवाल ने लोगों को इस महामारी से लड़ने के लिए मास्क लगाकर रहने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, अपने हाथों को हैंडवाश से 20 सेकंड तक धोने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचने को कहा। मौके पर सहायक कमांडेंट विजेंद्र दास, निरीक्षक जीडी राजेंद्र सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, सुनील कुमार, विजय सिंह मीना, सहा उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हवलदार जीडी ब्रिजेश यादव, बाबुराम, राजेश कुमार, जीडी लक्की चीप, दिल मोहम्मद शेख आदि उपस्थित थे।

प्रभात खबर – 28.04.2020

# सीआरपीएफ ने गरीबों के बीच बांटी सामग्री




**मेदिनीनगर.** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर घोषित लॉकडाउन के बीच सीआरपीएफ ने मनातू प्रखंड के अति पिछड़ा इलाका चक में खाद्य साम्ग्री वितरण किया . सीआरपीएफ के कमांडेंट एडी शर्मा के निर्देश के आलोक में कंपनी कमांडर राजेंद्र हरिजन ने खाद्य सामग्री वितरण किया . कैंप परिसर में ही गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के बीच सामग्री वितरित किया . कंपनी कमांडर राजेंद्र हरिजन ने बताया कि लॉकडाउन के कारण गरीब मजदूर व असहाय व्यक्ति काफी परेशान है . उनके समक्ष भोजन जुटाने के अलावा कई तरह की परेशानियां खड़ी हुई है . ऐसी स्थिति में सीआरपीएफ के 134 बटालियन ने सिविल एक्शन प्रोग्राम के तहत जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करायी . मौके पर मुखिया नरेश रजक, केदार यादव,बसंत उरांव,विजय सिंह,पंचम राम,उमेद सिंह ,लालजी मिश्रा,एसपी सिंह, दलबीर सिंह, रवि कुमार आदि लोग मौजूद थे .

हिन्दुस्तान – 30.04.2020

# 103 जरूरतमंदों को मिला राशन

बरही | प्रतिनिधि

203 कोबरा वाहिनी केरिपु बल ने बुधवार को बरही के पोड़ैया गांव के 103 जरुरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री और कोरोनावायरस से बचने के लिए हैण्ड वाश, साबुन, फेश मास्क, सेनेटाइजर का वितरण किया।

अपने नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए 203 कोबरा वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने ग्रामीणों से कहा कि कोरोनावायरस के कारण लॉककडाउन से ग्रामीण और मजदूर वर्ग के परिवारों के लिए यह समय चुनौती भरा है। दैनिक जीविका चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में आपके साथ कोबरा वाहिनी के अधिकारी और जवान खड़े हैं। 203 कोबरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरनाथ ने ग्रामीणों को कोरोनावायरस की जानकारी दी और संक्रमण से बचाव के लिए हैंड वॉश करने और सेनिटाईजर के इस्तेमाल करने का तरीका बताया। सभी 103 परिवारों को 05 किलो चावल, 02 किलो दाल, 01 किलो चीनी, 02 किलो आलू, 01 किलो प्याज, 250 ग्राम मिर्च पाऊडर, 500 ग्राम सत्तू, 250 ग्राम हल्दी पाऊडर, नमक और सरसों तेल 01लीटर पैक के साथ-साथ सेनिटाईजेशन हेतु हाथ धुलाई के लिए डेटाल हैण्डवॉश 02, फेस- मास्क 02, हैंड सेनिटाईजर 01, डेटाल साबुन 04 वितरित किया गया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार, सहायक कमांडेंट बिजेंदर कुमार दास, डॉ० अमरनाथ, निरीक्षक राजेंदर सरोज, उपनिरीक्षक मिथिलेश यादव, दिल मोहम्मद शेख मौजूद थे।



पोड़ैया गांव में राशन सामग्री का वितरण करते कोबरा वाहिनी के अधिकारी और जवान।

## पहल

- कोबरा वाहिनी ने राशन और सेनिटाइजर का वितरण किया
- हैंड वॉश और सेनिटाईजर के इस्तेमाल करने का तरीका बताया